**Page Three**

**Classified**

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# नए साल में कांग्रेस कार्यकर्ता लड़ेंगे जनता की लड़ाईः प्रीतम

## कांग्रेस मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष का किया कांग्रेस जनों ने अभिनंदन

**बधाई**

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने राज्य वासियों व पार्टी कार्यकर्ताओं को नव वर्ष की बधाई देते हुए प्रदेश वासियों को भरोसा दिलाया कि प्रदेश कांग्रेस का एक एक कार्यकर्ता प्रदेश की जनता के हितों की लड़ाई लगातार लड़ता रहेगा व नए साल में नए जोश के साथ पार्टी कार्यकर्ता अपना संघर्ष जारी रखेंगे। उन्होंने कहा आने वाले दिनों में पार्टी राज्य के विभिन्न मुद्दों पर राज्यव्यापी आंदोलन शुरू करेगी उसके लिए पार्टी कार्यकर्ताओं को सदैव तैयार रहना है।

उन्होंने कहा कि राज्य में बीजेपी सरकार को तीन साल का कार्यकाल पूरा हो रहा है लेकिन प्रचंड बहुमत वाली सरकार में राज्य में न तो विकास हो रहा है न ही जनता की



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिंह का अभिनंदन करते कांग्रेस नेता।

समस्याओं का समाधान हुआ है। जनता परेशान है महंगाई से , खस्ता हाल सड़कों से, बिगड़ती जा रही कानून व्यवस्था से और मुख्यमंत्री व मंत्री इस से अनजान बने मौज कर रहे हैं। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि नव वर्ष में सभी कार्यकर्ताओं को संकल्प लेना है कि प्रीतम सिंह के नेतृत्व में प्रदेश में 2022 में कांग्रेस की सरकार गठित करने के लिए मिल कर बीजेपी के खिलाफ संघर्ष करना है।

इस अवसर पर विजय सारस्वत, जोत सिंह बिष्ट, महानगर अध्यक्ष लालचन्द शर्मा, जिलाध्यक्ष संजय किशोर, पीके अग्रवाल, त्रिलोक सिंह सजवाण,महेश जोशी,पूनम भगत, प्रतिमा सिंह, कवींद्र इष्टवाल, राजीव महर्शि, डॉ0 आर.पी. रतूडी, पूर्व विधायक कुंवर सिंह नेगी, लखपत बुटोला, नवीन पयाल, गिरीष पुनेड़ा, सीताराम नौटियाल, हरिकृश्ण भट्ट, महेन्द्र राणा, कमलेश रमन, लाखी राम बिजल्वाण,आदर्श सूद,राम कुमार थपलियाल, नवीन प्याला,शोभा राम सुलेमान अंसारी, महेष प्रताप राणा, सुधीर सुनेहरा, अनूप पासी, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं की ओर से श्री धस्माना ने प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह का शाल उड़ा कर व पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया।

## न्यूज डायरी

### मोटर साइकिल अनियंत्रित होने से एक युवक गंभीर रूप से घायल

**संवाददाता** देहरादून। अपनी ही मोटर साईकिल के अनियंत्रित होने के कारण वाहन का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। विकासनगर क्षेत्र में बाइक फिसलने से उसको चला रहे एक युवक को गंभीर चोटे आयी हैं। घायल को आनन–फानन में 108 की मदद से सीएचसी में भर्ती किया गया। जहां उसका उपचार किया जा रहा है। बुधवार सुबह करीब पौने पांच बजे थाना कालसी को सूचना मिली कि एक युवक कोठी रोड चकभूड कालसी के किनारे घायल अवस्था में पड़ा हुआ है। सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के अनुसार घायल अवस्था में व्यक्ति मोटरसाइकिल समेत चकभूड कोठी रोड कालसी के किनारे पड़ा मिला। उसकी जेब से मिले आधार कार्ड के अनुसार, घायल का नाम शूरवीर (25) पुत्र भोपाल निवासी किस्तुर देहरादून के रूप में पहचान हुई है।

### तीन दिवसीय शिविर का आयोजन 11 जनवरी से

**संवाददाता** देहरादून। मुख्य विकास अधिकारी जी.एस रावत ने अवगत कराया है कि पृथ्वीनाथ महोदव सेवादल श्वांस फाण्डेशन एवं इन्हरब्हील क्लब वेस्ट संस्था द्वारा 11, 12 एवं 13 जनवरी 2020 को प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 2 बजे हिन्दू नेशनल इन्टर कालेज देहरादून में तीन दिवसीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें लाभार्थियों हेतु स्वचालित हाथ, पैर, कानों की मशीन, व्हील चौयर, बैसाखी आदि सामग्री का वितरण किया जायेगा। मुख्य विकास अधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, नोडल अधिकारी जिला दिव्यांग आयोग, प्रबन्धक उत्तराखण्ड परिवहन विभाग तथा जिला विकास अधिकारी को निर्देश दिये कि अपने–अपने विभागों की योजनाओं से सम्बन्धित औपचारिकताओं की जानकारी उपलब्ध कराने तथा अपनी–अपनी विभाग की योजनाओं से पात्र लाभार्थियों को शिविर में लाभान्वित करने के निर्देश दिये।

### एम्पियर व्हीकल्स ने अपने इलेक्ट्रिक वाहनों के नेटवर्क का दायरा बढ़ाया

**संवाददाता** देहरादून। ग्रीव्स कॉटन की पूर्ण स्वामित्व वाली इलेक्ट्रिक मोबिलिटी अनुषंगी, एम्पियर व्हीकल्स, ने सितंबर 2019 से अब तक देश भर में 23 नई डीलरशिप के साथ अपने इलेक्ट्रिक, वाहन के वितरण नेटवर्क का दायरा बढ़ाने की घोषणा की। इससे ब्रांड की मौजूदगी पूरे देश में हो गई है। देश भर में एम्पियर व्हीकल्स के नए डीलरशिप स्टोर खुलने के साथ, अब उपभोक्ताओं की पहुंच अव्वल दर्जे की शानदार परफॉर्मेंस देने वाले ई–स्कूटर तक हो गई है। ये ई–स्कूटर इक्रो फ्रेंडली तो हैं ही।

# इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसमिशन संदेश ईमेल के लिए डिस्क्लेमर

**चिंता**

**संवाददाता**

हरिद्वार। इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसमिशन संदेश में दी गई जानकारी अर्थात ई–मेल और इस इलेक्ट्रॉनिक संदेश के साथ प्रेषित कोई अटैचमेंट केवल प्रेषिती (प्रेषितियों) के उपयोग के लिए है और इसमें व्यक्ति विशेष के लिए, गोपनीय या विशेष रूप से अधिकृत जानकारी हो सकती है।

यदि यह जानकारी आपके लिए नहीं है तो आपको इस ई–मेल को प्रसारित, वितरित या कॉपी न करें। यदि आपको यह संदेश गलती से मिला है, तो आपको इस संदेश को नष्ट



इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसमिशन संदेश–ई–मेल के लिए डिस्क्लेमर अवसर पर उपस्थित लोग।

करना चाहिए और ई–मेल द्वारा प्रेषक को सूचित कर दें।

ई–मेल ट्रांसमिशन सुरक्षित या त्रुटिरहित होने की गारंटी नहीं है, क्योंकि जानकारी ट्रांसमिशन के दौरान अवरुद्ध हो सकती है, विकृत हो सकती है, खो सकती है, नष्ट हो सकती है, देर से या अपूर्ण रूप में पहुंच सकती है, या वायरस से ग्रस्त हो सकती है। इसलिए, ई–मेल और इसकी विषय–वस्तु (निर्दिष्ट त्रुटियों के साथ या उनके बगैर) की जिम्मेवारी ई–मेल तैयार करने वाले प्रेषक या बीएचईएल या उसके सहयोगियों की नहीं होगी। इस ई–मेल में उल्लिखित विचार या राय, यदि कोई हो, प्रेषक के ही हैं। यह आवश्यक नहीं है कि ये बीएचईएल या इसकी सहयोगी कंपनियों के विचार या राय के साथ मेल खाएं।

लक्षित प्राप्तकर्ता ई–मेल या इसकी विषय–वस्तु पर कार्रवाई करने से पहले वैकल्पिक संचार तंत्र के माध्यम से जानकारी या निहितार्थ को सत्यापित करवा सकते हैं।



कलश यात्रा में शामिल महिलाएं।

## कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ का शुभारंभ

देहरादून। अखिल भारतीय देवभूमि ब्राह्मण जनसेवा समिति द्वारा बुधवार को देहरादून नगरनिगम में वार्षिक कार्यक्रम के अंतर्गत विश्व शांति की कामना के लिए संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ का आरम्भ किया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि 'ब्राह्मण समाज ने सदैव ही सभी प्राणियों, प्रकृति व समाज के कल्याण के लिए कार्य किया है।' इसी क्रम में नववर्ष 2020 के आगमन पर संगीतमय श्रीमद भागवत आध्यात्मिक ज्ञान महायज्ञ का आयोजन किया गया। ज्ञान महायज्ञ कलश यात्रा के साथ आरम्भ हुआ, कलश यात्रा में 108 महिलाएं कलश के साथ शामिल हुई।

# अंतर्राज्यीय चोर गिरोह का पर्दाफाश

**संवाददाता**

देहरादून। अतर्राज्यीय दुपहिया वाहन चोर गिरोह का खुलासा करते हुए पुलिस ने दो शातिरों को चोरी की 14 मोटरसाइकलों सहित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जबकि एक आरोपी फरार है जिसकी तलाश में दबिश दी जा रही है।

पुलिस अधीक्षक देहात स्वप्न किशोर सिंह द्वारा बताया गया कि पिछले दिनो जनपद क्षेत्र के कई स्थानों से दुपहिया वाहन चोरी की घटनाएं बढ़ी तो पुलिस ने एक टीम का गठन कर चोरों की तलाश शुरू कर दी। गठित पुलिस टीम को कल देर रात सूचना मिली कि उक्त चोर गिरोह क्षेत्र में देखा गया है। वह एक बार फिर दुपहिया वाहन चोरी की घटना को अंजाम देने वाला है। सूचना पर कार्यवाही करते



पकड़े गए आरोपी।

हुए पुलिस ने अलर्ट जारी करते हुए क्षेत्र में चौकिंग अभियान चला दिया। बीती देर रात पुलिस को सालियर चौक पोस्ट के समीप दो बाइकों से तीन संदिग्ध आते हुए दिखायी दिये। पुलिस ने जब उन्हें रोकना चाहा तो एक व्यक्ति बाइक छोड़कर भाग खड़ा हुआ। इस पर पुलिस ने बाकी बचे दो लोगों को वहीं दबोच लिया। बाइक के कागजात मांगने पर वह दोनों लोग पुलिस को टहलाने लगे। इस पर संदेह होने पर पुलिस ने जब उनसे कड़ाई से पूछताछ की तो उन्होने उक्त दोनों वाहन चोरी का होना कबूल किया। थाने लाकर की गयी पूछताछ में पुलिस ने उनकी निशानदेही पर 14 अन्य मोटर साइकलें बरामद की।

पूछताछ में उन्होंने अपना नाम साजिद पुत्र इखलाख व विशाल पुत्र विजेन्द्र निवासी गंगनहर बताया। जबकि फरार आरोपी का नाम फरमान पुत्र फरजन निवासी गंगनहर बताया गया है। पुलिस ने उनके कब्जे से कुल 16 बाइकें बरामद की है।

## यमुना नदी में कार गिरने से ग्राम प्रधान की मौत

**संवाददाता** देहरादून। दिल्ली–यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार सुबह एक कार अनियंत्रित होकर यमुना नदी में जा गिरी। इस हादसे में ग्राम प्रधान की मौत होने का समाचार है। साल के पहले दिन ग्राम प्रधान के परिवार पर एकाएक दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार, जौनपुर विकास खंड के सुमन क्यारी में बुधवार सुबह एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में ग्राम पंचायत जयदो के प्रधान महेंद्र सिंह (40) पुत्र सूपा सिंह की मौत हुई है। बताया गया है कि ग्राम प्रधान बुधवार सुबह विकासनगर से डामटा की ओर अपनी ही कार को लेकर जा रहे थे। जहां सुमन क्यारी के पास उनकी कार संख्या यूके 07 बीडब्ल्यू 3046 दुर्घटनाग्रस्त होकर यमुना नदी में जा गिरी। दुर्घटना में कार में सवार प्रधान महेंद्र सिंह निवासी ग्राम लटो जौनसार तहसील चकराता जिला देहरादून निवासी की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस व प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू कर शव को खाई से बाहर निकाला।